TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

18 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जब मुसीबत आये तो समझ जाना जनाब जिंदगी

हमें कुछ नया सिखाने वाली है।

**हरिवंश राय बच्चन**

( कवि )

जन्म: 27 नवंबर 1907 मृत्यु: 18 जनवरी 2003



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

18 जनवरी 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

समझदार इंसान का दिमाग ज्यादा चलता है और

मुर्ख इंसान का जुबान ज्यादा चलता है।



– हरिवंशराय बच्चन
(प्रसिद्ध कवि)
(27 नवंबर 1907 - 18 जनवरी 2003)

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

## 18 जनवरी

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, शनिवार 18 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

### आज का विचार

''दूसरों के साथ ऐसा व्यवहार न करें, जो आपको पसंद नहीं।''

"Don't treat others as you wouldn't like for yourself."

### आज के दिन

1778 – जेम्स कुक 'हवाई द्वीपसमूह' की खोज करने वाले पहले यूरोपियन बने। इसका नाम उन्होंने 'सेंडविच आइलैंड' रखा।

1896 – हेनरी लुईस स्मिथ द्वारा 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया।

1936– 'नोबेल पुरस्कार' से सम्मानित ब्रिटिश लेखक और कवि रुडयार्ड किपलिंग का निधन।

2003– हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का निधन।

### सुरक्षित शनिवार

भूकंप के संदर्भ में कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा अभ्यास (मॉकडिल)

''झुको, ढंको, पकडो''

1. **महादेव गोविन्द रानाडे का जन्म–** महादेव गोविन्द रानाडे ब्रिटिश काल के एक भारतीय न्यायाधीश, लेखक एवं समाज सुधारक थे। उनका जन्म 18 जनवरी, 1842ई. को हुआ था। उन्होंने अपने मित्रों आत्माराम पांडुरंग और चन्द्रावरकर के साथ मिलकर प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 ई. में किया, जिसका उद्देश्य जाति–प्रथा और विधवा मुण्डन का विरोध, स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहन तथा विधवा विवाह था। उन्होंने पुणे सार्वजनिक सभा की स्थापना की।
   - **संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 3, पृश्ठ 133 और पृष्ठ 186;** महादेव गोविन्द रानाडे के जीवनी और कार्यों के बारे में बतायें।

2. **कवि हरिवंश राय बच्चन का निधन–** कवि हरिवंश राय बच्चन का निधन 18 जनवरी, 2003 में 95 वर्ष की आयु में बम्बई में हुआ था। इनकी प्रसिद्ध रचनाओं में मधुशाला (1935), मधुबाला (1936), मधुकलश (1937), क्या भूलूं क्या याद करूँ (1969) आदि प्रमुख हैं। उनकी कृति 'दो चट्टानें' को 1968 ई. में हिन्दी कविता के लिए भारत सरकार द्वारा 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष उन्हें 'सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार' तथा एफ्रो एशियाई सम्मेलन के 'कमल पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। बिड़ला फाउण्डेशन ने उनकी आत्मकथा के लिए उन्हें 'सरस्वती सम्मान' दिया था। बच्चन को भारत सरकार द्वारा 1976 ई. में साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

DIWAS GYAN

### दिवस प्रेरणा 18



**हरिवंश राय बच्चन**

( भारतीय साहित्यकार )

**जातिप्रथा के विरोध में अपनी टाइटल हटा दी ...**

**संघर्ष**

हरिवंशराय जी अपनी शिक्षा म्युनिसिपल स्कूल से शुरु की थी। 19 वर्ष की उम्र में उनका विवाह श्यामा बच्चन से हुआ जो उस समय 14 वर्ष की थीं। सन 1936 में टी.बी. के कारण श्यामा की मृत्यु हो गई। पाँच साल बाद 1941 ई. में बच्चन ने तेजी सूरी से विवाह किया जो रंगमंच तथा गायन से जुड़ी हुई थी। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से इंग्लिश लिटरेचर में एम. ए. किया और 1952 तक वे इसी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर भी रहे। जाति प्रथा का विरोध करने के लिए अपने नाम से जातिसूचक शब्द 'श्रीवास्तव' को हटाकर 'बच्चन' लगाने लगे। वापस आकर वे फिर से यूनिवर्सिटी में पढ़ाने लगे साथ ही साथ ऑल इंडिया रेडियो इलाहाबाद में काम भी किया।

**सफलता**

वे दूसरे भारतीय थे, जिन्हें कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से इंग्लिश लिटरेचर में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई थी। 1955 में हरिवंशराय जी दिल्ली चले गए और भारत सरकार ने उन्हें विदेश मंत्रालय में हिंदी विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया। 1966 में इनका नाम राज्य सभा के लिए लिया गया था। हरिवंशराय जी ने शेक्सपियर की Macbeth and Othello को हिंदी में रूपांतरित किया जिसके लिए उन्हें सदैव स्मरण किया जाता है। बच्चन को भारत सरकार द्वारा 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' तथा 1976ई. में साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल  ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार  contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

18 जनवरी

मधु प्रिया

## हरिवंश राय बच्चन का निधन 18 जनवरी



हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को इलाहाबाद में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। हरिवंश राय बच्चन के पूर्वज मूलरूप से अमोढ़ा (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। यह एक कायस्थ परिवार था। कुछ कायस्थ परिवार इस स्थान को छोड़ कर इलाहाबाद जा बसे थे। इनके पिता का नाम प्रताप नारायण श्रीवास्तव तथा माता का नाम सरस्वती देवी था। इनको बाल्यकाल में 'बच्चन' कहा जाता था जिसका शाब्दिक अर्थ 'बच्चा' या 'संतान' होता है। बाद में ये इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने कायस्थ पाठशाला में पहले उर्दू और फिर हिन्दी की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम॰ए॰ और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के विख्यात कवि डब्लू॰बी॰ यीट्स की कविताओं पर शोध कर पीएच.डी. पूरी की थी । 1926 में 19 वर्ष की उम्र में उनका विवाह श्यामा बच्चन से हुआ जो उस समय 14 वर्ष की थीं। सन 1936 में टीबी के कारण श्यामा की मृत्यु हो गई। पाँच साल बाद 1941 में बच्चन ने एक पंजाबन तेजी सूरी से विवाह किया जो रंगमंच तथा गायन से जुड़ी हुई थीं। इसी समय उन्होंने 'नीड़ का निर्माण फिर' जैसी कविताओं की रचना की। उनके पुत्र अमिताभ बच्चन एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। 2002 के सर्दियों के महीने से उनका स्वस्थ्य बिगड़ने लगा। 2003 के जनवरी से उनको सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कठिनाइयां बढ़ने के कारण उनकी मृत्यु 18 जनवरी 2003 में सांस की बीमारी के वजह से मुंबई में हो गयी।



हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# पुण्यतिथि विशेष 18 जनवरी

राकेश कुमार




**हरिवंश राय बच्चन** (27 नवम्बर 1907 – 18 जनवरी 2003) हिंदी भाषा के एक कवि और लेखक थे। वे हिन्दी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे । उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनका निधन 18 जनवरी 2003 के दिन, साँस की बीमारी के कारण, मुम्बई में हुआ था।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **18.01.2025**

## क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम

क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम (एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स या **AEC)** छात्रों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए बनाए जाते हैं. ये पाठ्यक्रम छात्रों को भाषा, संचार, और समस्या-समाधान जैसे क्षेत्रों में बेहतर बनाने में मदद करते हैं. क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रमों के ज़रिए छात्रों को आत्मविश्वास, दक्षता, और नवाचार के साथ चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



इस तस्वीर ने अंतर्राष्ट्रीय IPHONE फोटोग्राफी पुरस्कार जीता है। ब्रूक्स ने यह तस्वीर iPhone 15 Pro Max से खींची और फ़ोटोग्राफ़र ऑफ़ द ईयर अवार्ड भी जीता।

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### आक्सीजन (Oxygen)

संकेत (symbol) - O

परमाणु संख्या (Atomic no.) -8

समूह ( group)-16

आवर्त (period)-2


ब्लाक (block)-P

संयोजकता (valancy)-2

समस्थानिक (isotope)-3

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[He]$2s^2 2p^4$

परमाणु भार (A.weight) -15.999




## खोज

1774, जोसेफ प्रीस्टली

## भौतिक गुण

रंगहीन ,गंधहीन ,जल में घुलनशील गैस

## रासायनिक गुण

दहन में सहायक ,ऑक्सीकरण एजेंट

## उपयोग

श्वसन,दहन, वेल्डिंग, अस्पतालों में उपयोग

Anu priya

# रविचंद्रन अश्विन

इंटरनेशनल करियर



### टेस्ट


| मैच | विकेट | रन |
|---|---|---|
| 106 | 537 | 3503 |

### वनडे

| मैच | विकेट | रन |
|---|---|---|
| 116 | 156 | 707 |

### टी-20i

| मैच | विकेट | रन |
|---|---|---|
| 65 | 72 | 184 |


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
साहित्यकार
हरिवंशराय बच्चन
27 नवंबर 1907-18 जनवरी 2003
पद्म
भूषण
Madhu priya
www.teachersofbihar.org






## जगदीश शरण वर्मा

**जन्म- 18 जनवरी 1933**

**मृत्यु- 22 अप्रॅल 2013**

/teachersofbihar

**Madhu priya**


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महादेव गोविंद रानाडे
जन्म- 18 जनवरी 1842
मृत्यु - 16 जनवरी 1901
/teachersofbihar
Madhu priya

18 जनवरी



हिंदी भाषा के प्रसिद्ध कवि

# हरिवंश राय बच्चन

की पुण्यतिथि पर सादर नमन

27 नवंबर 1907 - 18 जनवरी 2003

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी

18 जनवरी



# महादेव गोविंद रानाडे

की जयंती पर सादर नमन

18 जनवरी 1842 - 16 जनवरी 1901

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari